https://www.printo.it/pediatric-rheumatology/IN_HI/intro

क्रायोरापीरीन-एसोसिएटेड आवधिक सिंड्रोम (CAPS)

के संस्करण 2016

3. रोजमर्रा की जिंदगी।

3.1 बच्चे और परिवार के दैनिक जीवन को रोग कैसे प्रभावित कर सकता है?

बुखार के पुनरावर्ती एपिसोड से जीवन की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। सही पहचान किए जाने से पहले अक्सर काफी देर हो सकती है, जिससे माता-पिता की चिंता बढ़ सकती है और कभी-कभी अनावश्यक चिकित्सा प्रक्रियाएं हो सकती हैं

3.2 स्कूल के बारे में क्या?

पुरानी बिमारियों वाले बच्चों में शिक्षा जारी रखना आवश्यक है। कुछ करक है जो विद्यालय की उपस्थिति के लिए समस्याएं पैदा कर सकते है और इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि शिक्षकों के द्वारा बच्चों की संभावित आवश्यकताओं को समझा जाये। माता – पिता और शिक्षकों के बच्चे जो कुछ भी करना चाहते है, उन्हें सामान्य रूप से विद्यालय की गतिविधियों में भाग लेने की अनुमति देनी चाहिए, न केवल बच्चों को अकदामिक सफल होने क लिए बल्कि वयस्कों दोनों की सराहना कि जानी चाहिए। प्रोफेशनल दुनिया में भविष्य के एकीकरण युवा रोगियों क लिए आवश्यक है और लम्बे समय से बीमार रोगियों की देखभाल के उद्देश्य में से एक है।

3.3 खेल के बारे में क्या?

खेलना किसी भी बच्चे के दैनिक जिंदगी का एक अनिवार्य पहलु है। चिकित्सा के उद्देश्य में से एक, बच्चो के सामान्य जीवन को यथा संभव अधिक सामान्य करने की अनुमति देना है और स्वयं को अपने साथियों से अलग नहीं समझना है। इसलिए सभी गतिविधियों को सहन किया जाता है, हलाकि गंभीर चरणों के दौरान सीमित शारीरिक गतिविधि या आराम आवश्यक हो सकता है।

3.4 आहार के बारे में क्या?

कोई विशिष्ट आहार की सलाह नहीं है सामान्य तौर पर, बच्चे को उसकी उम्र के लिए एक

संतुलित, सामान्य आहार का पालन करना चाहिए। एक बढ़ते बच्चे के लिए पर्याप्त प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन के साथ एक स्वस्थ, अच्छी तरह से संतुलित आहार की सलाह दी जाती है।

3.5 क्या जलवायु रोग को प्रभावित कर सकता है?

ठंडा तापमान लक्षणों को शुरू कर सकता है।

3.6 क्या बच्चे का टीकाकरण किया जा सकता है?

हां, बच्चे को टीकाकरण किया जा सकता है; और करना चाहिए, हालांकि उपचार कर रहे चिकित्सक को जीवित एटीन्यूएटेड टीके का प्रबंध करने से पहले सूचित किया जाना चाहिए ताकि मामले के आधार पर उचित सलाह दी जा सके।

3.7 यौन जीवन, गर्भावस्था, जन्म नियंत्रण के बारे में क्या?

अब तक, रोगियों में इस पहलू पर कोई जानकारी साहित्य में उपलब्ध नहीं है। एक सामान्य नियम है, जैसे अन्य सुजन रोगों के साथ भ्रूण पर बिओलोजिक कारक के संभव के दुष्प्रभावों के कारण पहले से उपचार के अनुकूल होने के लिए गर्भावस्था की योजना करना बेहतर है।